कार्यालय, महानिरीक्षक कारागार, उत्तराखंड देहरादून।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 10 जुलाई, 2017

कारागार विभाग, उत्तराखण्ड के अधीन समस्त कारागरों की समीक्षा बैठक आज दिनांक 10.07.2017 को कारागार मुख्यालय देहरादून में आहूत की गयी जिसमें समस्त जनपदों की कारागारों के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक/कारापालों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक में विभिन्न सुरक्षा बिन्दुओं की महानिरीक्षक कारागार द्वारा समीक्षा की गयी। कारागारों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किये जाने, मुलाकात व्यवस्था की दुरूस्त किये जाने, बन्दियों के मानवाधिकारों की सुरक्षा एवं उनके सुरक्षित रखरखाव के निर्देश महानिरीक्षक कारागार द्वारा दिये गये। कारागारों में सघन तलाशी हेतु डोर फ्रेम मैटल डिटेक्टर, हैण्ड हैल्ड मैटर डिटेक्टर लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

कारागारों में निरूद्ध बन्दियों की सुचारू चिकित्सा व्यवस्था हेतु विभाग में नये क्रय किये गये एम्बुलेंस वाहनों को विभिन्न कारागारों को वितरित किये जाने हेतु डा0 पी0वी0के0 प्रसाद, आई0पी0एस0 महानिरीक्षक कारागार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर उन्हें रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री वीरेन्द्र रावत, वरिष्ठ वित अधिकारी, श्री बी0पी0 पाण्डेय, वरिष्ठ अधीक्षक, श्री मनोज आर्य, वरिष्ठ अधीक्षक, श्री चन्द्रशेखर जोशी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं श्री मनोज खोलिया, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

(बी0पी0 पाण्डेय)
वरिष्ठ अधीक्षक,

प्रतिलिपि, महानिदेशक सूचना, उत्तराखण्ड को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के आदेश पारित करने का कष्ट करें।

(बी0पी0 पाण्डेय)
वरिष्ठ अधीक्षक,